हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 5 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

4
रोजाना चलने वाली ट्रेनों की बिगड़ी चाल, आठ घंटे तक हो रहा विलंब






# राज्य सहकारी बैंक बरमकेला में 10 करोड़ रुपए का गबन

## शाखा प्रबंधक सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ बरमकेला थाने में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

राज्य सहकारी बैंक बरमकेला में करीब 10 करोड़ रुपए के गबन का मामला सामने आया है। जांच में मामला सही पाए जाने पर बरमकेला पुलिस ने शाखा प्रबंधक सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

रिपोर्टकर्ता राधास्वामी नगर रायपुर निवासी अरविन्द शुक्ला पिता स्व. एसके शुक्ला उम्र 56 वर्ष छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा बरमकेला में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित मुख्यालय नवा रायपुर के आदेश के अनुसार शाखा बरमकेला में हुए गबन के संबंध में जांच दल का गठन किया गया था। अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 के मध्य बैंक लेनदेन के संबंध में जांच किया गया। मामले में 1 अप्रैल 2024 से 6 नवंबर 2024 तक समिति बडे नवापारा, बरमकेला, बोंदा, दुलोपाली, लेन्ध्रा, लोधिया, लुकापारा, सॉल्हेओना, सरिया, तौसिर, देवगांव, गोबरसिंघा, कालाखुटा, कंठीपाली, करनपाली, कुम्हारी एवं पचधार के केसीसी बिग व केसीसी स्मॉल खातों को नामे कर कुल 887 किसानों के डीएमआर कैश, काइड खातों को निरंक किया गया है, जिसकी राशि 9 करोड़ 91लाख 20 हजार 877 रूपए है। उक्त अवधि में इनके शाखा के नियमित अधिकारी डीआर वाघमारे शाखा प्रबंधक बरमकेला, सुश्री मिनाक्षी मांझी लेखाधिकारी बरमकेला, आशीष पटेल लिपिक बरमकेला के द्वारा अपने निजी बैंक आईडी का दुरूपयोग करते हुए समिति तथा बैंक के राशि का सुनियोजित तरीके से गबन किया गया। इस अपराध में आउटसोर्सिंग स्टाफ रमाकांत श्रीवास, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिकेश बैरागी कम्प्यूटर ऑपरेटर, अरुण चन्द्राकर डण्डा गार्ड, खीरदास मंहत, डण्डा गार्ड व बालकृष्ण कर्ष ने उनका साथ दिया। आरोपियों ने स्वयं व अपने परिजन के खातों में ट्रांसफर कर फर्जी वाउचर तथा बिना वाउचर से कुल 9,91,20,877 रूपए आहरण कर गबन कर लिया। ऐसे में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध की मौत हो गई तो वहीं उसका साथी बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि वे एक बारात से लौट रहे थे, इसी बीच यह हादसा हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तेंदुमुड़ी निवासी महेत्तर राम राठिया उम्र 60 वर्ष अपने मित्र अयोध्या राम राठिया के साथ गांव के हेमंत सिंह राठिया की बारात में शामिल होने ग्राम नंगोई गया था। विवाह कार्यक्रम में भोजन करने के बाद वे वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी बीच रात करीब साढ़े 12 बजे कुड़ेकेला के समीप स्थित एक ढाबा के पास तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। जिसकी वजह से मेहत्तर सिंह राठिया के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। अयोध्या के नाक, मुंह सहित उसके शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई है। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही आस पास के लोग घटना स्लल पर पहुंचे और इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया तो वहीं घायल हो बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया, वहीं परिजनो की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए) 281 के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** अपनी बाइक की किस्त पटाने जा रहे युवक को एक ट्रेलर ने ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। यह हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीपानी निवासी देव प्रसाद महंत उर्फ शिव उम्र 20 मजदूरी का काम करता था। उसने अपने मामा झंगलू दास महंत के नाम से पंजीकृत एक मोटरसाइकिल फाइनेंस में खरीदा है। जिसकी किश्त पटाने के लिए वह घरघोड़ा जा रहा था। इसी दौरान बरौद चौक स्थित जैन ढाबा के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में देव प्रसाद काफी दूर जा गिर और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। आस पास मौजूद ग्रामीणों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस वहीं कुडुमकेला के अनिल महंत ने मृतक के बड़े भाई त्रिलोचन को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही त्रिलोचन मौके पर पहुंचा, तो उसने देखा कि बाइक काफी हद तक क्षतिग्रस्त है। जब अस्पताल जाकर देखा, तो उसके भाई का शव मॉर्चुरी में रखा था। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## शहर में 8 तो ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे रहा ब्लैक आउट, कई स्थानों पर गिरे पेड़

# पहले अंधड़ में 50 विद्युत पोल उखड़े विभाग को 35 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शनिवार को आई सीजन की पहली आंधी का शहर में असर तो दिखा ही, बिजली विभाग में भी खलबली मच गई। तेज रफ्तार हवाओं से शहर के कई स्थानों में पेड़, होर्डिंग्स और बिजली के खंभे धराशाही हो गए। जिससे शहरी क्षेत्र में 8 तो ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 20 घंटे तब ब्लैक आउट रहा। इतना ही नहीं सुबह भी घरों में बिजली आती-जाती रही। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज अंधड से बिजली के करीब पचास पोल उखड गए हैं। जिससे विभाग को करीब 35 लाख का नुकसान हुआ। ग्रामीण इलाकों में पोल गिरने की ज्यादा शिकायतें सामने आईं।

हर साल विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जाती है। ऐन वक्त पर सब कुछ धरा का धरा ही रह जाता है। शनिवार को भी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। दोपहर में ही मौसम का मिजाज बदलने से तेज हवाएं शुरू हो गई थी। शाम होते-होते इन हवाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया। तेज आंधी से कुछ पल के लिए जनजीवन थम सा गया। इसी बीच शहर के कई इलाकों में पेड़, होर्डिंग्स और खंभे भी गिर गए। अनहोनी की आशंका से शाम करीब 5 बजे ही विद्युत विभाग द्वारा शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई।

इस बीच किसी तरह लोगों ने शाम तो काट ली, लेकिन अंधेरे में उनके सामने रात गुजारना मुश्किल हो गया। शहरी क्षेत्रों के कई इलाकों में 5 घंटे बाद तो कई इलाकों में 8 घंटे बाद बिजली आई। इसमें भी कुछ घंटों के अंतराल में बिजली आती-जाती रही। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में तो 20 से 25 घंटे बाद बिजली आई। इसमें भी कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई चालू करने के लिए विभागीय कर्मचारी जद्दोदहज में लगे रहे। इसके बाद भी उनकी परेशानी दूर नहीं हो रही थी।



### गायत्री मंदिर के पास पोल गिरने से रास्ता ब्लॉक

बोईरदादर इलाके में स्थित गायत्री मंदिर क्षेत्र में ओम हाइट्स के सामने तालाब से लगा एक विद्युत पोल आंधी से गिर गया। विद्युत पोल के गिरने से आसपास उगे पेड़ पौधे भी उसी पोल से ही लिपट गए हैं। जिससे पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया है। इस क्षेत्र में कॉलोनी होने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। मजबूरन लोग लंबे और दूसरे रास्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### इन स्थानों पर गिरे पेड़

शनिवार को आई आंधी से शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने स्थित एक विशालकाय वृक्ष 11 केवी लाइन के उपर गिर गया। हालांकि विभाग द्वारा पहले ही लाइन बंद कर देने से किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना घटित नहीं हुई, लेकिन लाइन को चालू करने में विभागीय कर्मचारियों के पसीने छूट गए। इसी तरह केलो विहार कॉलोनी में भी दो पेड़ आंधी से धराशाही हो गए। वहीं बेलादुला फॉरेस्ट ऑफिस में भी एक पेड़ के गिरने की जानकारी सामने आई है।

### मेन पॉवर की कमी का दे रहे हवाला

हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग द्वारा मेन पॉवर की कमी का हवाला दिया जा रहा है। ईई बीआर साहू की मानें तो अपने यहां 50 प्रतिशत ही मेन पॉवर है। शहरी क्षेत्रों में 80 तो पूरे जिले में मात्र 200 स्टाफ होंगे, जोकि आधे हैं। वर्तमान में संविदा भर्ती भी बंद होने से नए लोगों की भर्ती नहीं हो पा रही है। जबकि पूरे जिले में 13 वितरण केन्द्र हैं, हर वितरण केन्द्रों में करीब 35 स्टॉफ होने चाहिए। इस तरह जिले में करीब 500 कर्मचारी उपलब्ध होने पर ही ऐसे अंधड़-तूफान जैसे हालात से निपटने में आसानी होगी। हालांकि विभागीय अधिकारी हर बार ऐसा ही बोलते नजर आते हैं।

### मालीडीपा में आपस में सटे तार, फॉल्ट ढूंढने में लगे घंटों

शनिवार की शाम बेलादुला खर्राघाट के आधे क्षेत्र में बिजली तो आ गई, लेकिन इसी से लगे गायत्री मंदिर मालीडीपा क्षेत्र में बिजली नहीं आने से लोग व्याकुल नजर आए। तभी विभागीय अमला इस क्षेत्र में सुधार कार्य के लिए पहुंचा। घंटों तक बिजली खंभो और ट्रांसफार्मर में चेकिंग के बाद भी उन्हें फॉल्ट नहीं मिला। काफी देर बाद अमले को पता चला कि मालीडीपा तालाब किनारे हनुमान मंदिर के पास गुजरे 11 केवी लाइन के दो तार आपस में सट गए हैं। फिर अमला द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद दोनों तारों को अलग किया गया और इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति शुरू की गई।

### शहर में सबसे ज्यादा डीओ गिरने की शिकायत

फिल्ड पर काम करने वाले बिजली विभाग के कर्मचारी उस वक्त काफी परेशान नजर आए जब वो बड़े फॉल्ट के सुधार कार्य के लिए निकलते थे और उन्हें मोहल्लों से डीओ गिरने की शिकायत मिलती थी। इस आंधी से शहर में सैकड़ों स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों के डीओ गिर गए थे, जिससे कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति यह हो गई थी कि वो एक स्थान के डीओ को चढ़ा नहीं पाए हैं और अधिकारियों द्वारा उन्हें दूसरे जगह जाने को कहा जाता था।

शनिवार की शाम आई आंधी से पूरे जिले में परेशानी हुई है। आंधी को देखते हुए शाम 5 बजे से जिले में विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी। कई जगह पेड़, होर्डिंग्स के गिरने से सुधार कार्य में समय लगा। शहरी क्षेत्रों में रात करीब 12.30 तो ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह तक बिजली की सप्लाई चालू हो गई थी। कुछ क्षेत्रों में छिटपुट सुधार कार्य थे, जिन्हें भी कराया गया। मेन पॉवर की कमी होने से काफी परेशानी हुई।

**बीआर साहू, ईई,** विद्युत विभाग, रायगढ़

# सीमांकन के बाद उपजा विवाद, दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगढ़ निवासी दो पक्षों में सीमांकन के बाद विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखते दोनो पक्ष आपस में ही भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में मनोहरलाल पटैल पिता रघुनाथ पटैल निवासी बरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बरगढ बस स्टैण्ड में होटल चलाता है। उसके घर के पीछे जगदीश पटैल का जमीन है। बीते 27 अप्रैल को आरआई पटवारी उसके घर पहुंचे और उसकी तथा जगदीश पटैल की जमीन का सीमांकन किया। इस दौरान मौके पर पहुंचे आरआई पटवारी ने सही तरीके से सीमांकन नहीं किया। जिसके कारण उसने पुनः सीमांकन के लिए तहसील न्यायालय खरसिया में आवेदन किया। इसी बीच 3 मई की सुबह 11 बजे जगदीश, भुवनेश्वर एवं डमरूधर आदि जेसीबी लेकर अपने खेत को बनाकर रहे थे, किंतु उसके हिस्से की मेड़ को जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया था। ऐसे में मनोहर लाल ने इसका विरोध किया और उन्हें बताया कि उसने पुनः सीमांकन के लिए आवेदन किया है, ऐसे में सीमांकन होने के बाद इस कार्य को कराएं। किंतु वे नहीं मानें और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ डंडे से मारपीट भी की। जब वहां हरीशंकर पटैल, बृजमोहन पटैल एवं गजालाल उरांव बीच बचाव करने पहुंचे तो उन्होंने उनके साथ भी मारपीट की। इसके साथ ही इस मामले में जगदीश पटैल पिता श्याम लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी काम करता है। उसकी जमीन गांव के मनोहरलाल पटैल के घर के पीछे में है। इन जमीन का सीमांकन आरआई व पटवारी ने बीते 27 अप्रैल को सीमांकन किया।

सीमांकन होने के बाद उसने अपने हिस्से की जमीन का चिन्हांकन किया था। इसी बीच 03 मई की सुबह जब वे अपनी जमीन में मेड, पार बनवा रहे थे। तभी मनोहरलाल पटैल, जितेश पटैल ऊर्फ जीतू, हरीशंकर पटैल, बृजमोहन पटैल आकर काम करने से मना करते हुए गाली गलौज करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए जितेश पटैल ऊर्फ जीतू एवं हरिशंकर पटैल डंडा से मारपीट भी किया। फिलहाल इस मामले मे दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# चेकिंग देख वाहन छोड़ कर भागा गौ तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 2-3 मई की दरम्यानी रात को 12 चक्का वाहन में करीब दो दर्जन मवेशियों को लेकर एक युवक आकर था, किंतु मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच होता देख वह वाहन छोड़कर फरार गया।

पुलिस ने वाहन सहित 22 नग मवेशियों को बरामद किया है। इस संबंध में शुभम कंकरवाल पिता संजय कंकरवाल उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 16 शनि मंदिर गली रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2-3 मई की दरम्यानी रात गौ तस्करी की सूचना पाकर वह अपने साथियों के साथ चोढ़ा चौक की ओर गया था। इसी बीच रात करीब 1 बजे रात करीब 01:00 बजे सक्ती की ओर से 12 चक्का ट्रक क्रमांक जेएच 02 बीएम 6966 वहां पहुंचा। उस वक्त चोढ़ा चौक मेन रोड में आरटीओ का उड़नदस्ता दस्ता दल भारी वाहनों की जांच कर रहा था। उक्त वाहन चालक ने करीब 50 मीटर दूर अपना वाहन रोका और अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। ऐसे में आरटीओ कर्मचारी वाहन के पास पहुंचे तो वाहन के भीतर करीब 22 नग मवेशी थे। इन मवेशियों को वाहन से उतारा गया और सुरक्षित अटल आवास के गौठान मे रखा गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### मंदिर से दान पेटी की चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र स्थित सती दादी मंदिर में अज्ञात चोरों ने दान पेटी को चोरी कर लिया। इसमें करीब 12 हजार रुपए थे। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अंकित कुमार बंसल पिता कैलाश चंद बंसल उम्र 38 वर्ष पता टीआईटी कालोनी ने बताया कि उसके पिता सावड़ वाली सतीदादी मंदिर के करीबन 04 - 05 साल से मंदिर ट्रस्ट के सदस्य हैं। इस मंदिर में रखे दानपेटी के अंदर दान दिया हुआ रकम करीबन 10 - 12 हजार रूपये था। जिसे 01 मई की रात को किसी अज्ञात चोर ने दरवाजा तोड़कर मंदिर के अंदर रखे दानपेटी को तोड़कर करीबन 10 -12 हजार रूपये को चोरी कर ले गया।

# जनपद सभाकक्ष में हुई पहली बार समान्य सभा की बैठक

**पुसौर।** पुसौर जनपद कार्यालय के सभा सदन में बीते दिनांक को जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित समूचे जनपद सदस्यों का एक बैठक हुआ जहां महत्वपुर्ण बिन्दुओं पर निर्णय लिए गए जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति, 15 वित्त की राशि का उपयोग आदि को लेकर चर्चा किया गया। इस संबंध में बड़ेहरदी क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति मुक्तेश्वर पंडा ने बताया कि 15 वित्त योजना में जनपद सदस्यों हेतु 1 करोड रूपए का आबंटन क्षेत्र में निर्माण कार्य कराए जाने हेतु आया है इसका वितरण 25 बीडीसी क्षेत्र में होगा। जानकारी के मुताबिक प्रथम सम्मेलन के तिथि से सभी जनपद सदस्यो एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष के मानदेय बनना प्रारंभ हो चुका है वहीं अध्यक्ष हेतु प्रति माह 35 हजार रूपए वाहन व्यय के रूप में राशि स्वीकृत होने जा रहे हैं जो क्षेत्र के 140 ग्रामों का जरूरत के अनुसार दौरा करेंगे।



# प्लांट में श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत रायगढ़ जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड फैक्ट्री में एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात में तब घटित हुआ जब श्रमिक फैक्ट्री में काम कर रहा था। मिली जानकारी के मुताबिबक उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला विजय बहादुर 37 साल पिछले करीब 10-11 साल से जिंदल फैक्ट्री में ठेकेदार के अंतर्गत काम करते आ रहा था। अभी विजय बहादुर लगभग 5 साल से किसी कोयस्क कंस्ट्रक्शन नामक कपंनी के ठेकेदार के अंडर में वह काम करता था। जहां शनिवार की देर रात तकरीबन 2 बजे फैक्ट्री के ब्लास्ट फार्नेस में काम कर रहा था। तभी उसे एकाएक चक्कर आने लगा। ऐसे में उसे बैठने के लिए कहा और जैसे ही वह बैठा वह गिर गया और उसकी मौत हो गई। घटना को देखकर आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी फैक्ट्री के अधिकारियों को देते हुए कोतरा रोड थाना में सूचना दी गई। जिसके बाद उसे तत्काल जिंदल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शव को पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।



## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सजग, महिला बाल विकास विभाग ने जारी किया निर्देश

# जिस संस्था में 10 से ज्यादा कर्मचारी वहां आंतरिक शिकायत समिति अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन सजग नजर आ रहा है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा एक निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय, किसी भी संगठन या संस्था में 10 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है।

महिला बाल विकास विभाग की मानें तो महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, सरकारी कम्पनी, निगम, सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटीए न्यास, गैर शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोजरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां



अधिनियम के धारा 4 के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है।

### समिति नहीं बनाने पर लगेगा जुर्माना

समिति का गठन नहीं होने पर 50000 रुपए का जुर्माना भी किया जा सकता है। समिति में महिला जो कार्यस्थल के कर्मचारियों में से वरिष्ठ स्तर के हो पीठासीन अधिकारी होगी। कर्मचारियों में से महिलाओं के लिए प्रतिबध्द अथवा सामाजिक कार्य में अनुभव रहने वाली 2 सदस्य व गैर शासकीय संगठन, संघ से 1 सदस्य होगें। आधे से अधिक महिलाएं सदस्य हो सकती हैं। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। समिति गठन पश्चात कार्यालयध्संस्थान में उनका नाम भी कार्यालय के बोर्डध्फ्लेक्स में प्रदर्षित करना अनिवार्य होगा।

### विभाग को बनाया गया है नोडल

ज्ञात हो कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन अधिनियम 2013 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तथा जिला कलेक्टर द्वारा सभी शासकीय, अर्ध्दशसकीय, अशासकीय कार्यालय, संगठन, संस्था, प्रतिष्ठान इत्यादि से जहां 10 से अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है वहां आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है।

### 35 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने अवैध शराब बिक्री की तैयारी में लगे युवक को रंगे हाथ पकड़ा है। जिसके पास से 35 पॉव देशी-विदेशी शराब जप्त किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक खरसिया के मदनपुर की ओर से देशी और अंग्रेजी शराब लेकर मोटरसाइकिल से ग्राम बांसमुड़ा की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर थाना खरसिया की टीम ने तत्काल बांसमुड़ा रोड पर रेड मारकर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमंत डनसेना पिता पुरनलाल डनसेना निवासी भालूनारा बताया।

4-May -RAIGARH-pg-2_Layout 1 5/4/2025 8:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत बोखी में बदला गया ट्रांसफार्मर



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम पंचायत बोखी में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बाधित विद्युत सप्लाई पुनः प्रारंभ हो गई है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। विकासखंड फरसाबहार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोखी के बाबाजी पारा में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई थी। ग्रामीणों ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देकर समाधान की मांग की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्या का निवारण तत्परता से किया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या आने पर इसके तत्काल निराकरण की कार्यवाही शुरू कर दी जाती है।

### संत जोसेफ की स्मृति में पिताओं का सम्मान



**जशपुरनगर।** संत इग्नासियुस चर्च, शांति भवन में आज विशेष रूप से अब्बा दिवस मनाया गया। मसीही समाज में पिताओं के संरक्षक संत के रूप में माने जाने वाले संत जोसेफ को समर्पित इस पर्व का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भावनात्मक समर्पण के साथ किया गया। संत जोसेफ, जो माता मरियम और बालक यीशु के भरण-पोषण के लिए बढ़ई के रूप में जीवन भर कार्यरत रहे। उन्हें विश्वास, आज्ञाकारिता, प्रार्थना, धार्मिकता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। वे केवल अपने परिवार के नहीं, अपितु पूरी कलीसिया के संरक्षक माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें कैथोलिक पिता और श्रमिकों का आदर्श माना जाता है। 1 मई 1955 को रोम के पीटर स्क्वायर में जब इटली के कैथोलिक श्रमिक अपनी संस्था की दसवीं वर्षगांठ मना रहे थे, तब संत पापा पीयूष बारहवे ने संत जोसेफ श्रमिक को रक्षक, चरवाहा और पिता के रूप में सम्बोधित करते हुए इस पर्व की औपचारिक स्थापना की। तभी से हर वर्ष 1 मई को संत जोसेफ श्रमिक पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर चर्च में कैथोलिक सभा के अध्यक्ष मनोज तिर्की, उपाध्यक्ष विनय तिर्की, पुरुषोत्तम बघेल, सुभाष टोप्पो, संजय बरवा, तथा महिला संघ की अध्यक्षिका सलोमी और कार्यकारिणी सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कैथोलिक विश्वासी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पितृत्व के महत्व और संत जोसेफ के आदर्शों को स्मरण किया।

### बारात गया ग्रामीण बांध में डूबा, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के भाई का बारात गया ग्रामीण बांध में स्नान करने के दौरान डूब गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदारी निवासी जुदरा राम आ. स्व. मंगना (45 वर्ष) गत दिन पत्नी के भाई नंदू के बारात में शामिल होकर ग्राम परसिली गया था। आज सुबह ग्राम करम्हा बांध में स्नान करने गया तभी गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का बांध से निकला पीएम के लिए भेजा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** परिवार के साथ ससुराल में रह रहे ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भिट्ठीकला निवासी दिल भरोष आ. रतन धोबी (37 वर्ष) पिछले 4-5 साल से जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवाड़डांड़ अपने ससुराल में रह रहा था। दिल भरोष चार पांच दिन से ज्यादा शराब पीने लगा था। गत दिन शराब के नशे में धुत्त होकर कीटनाशक को ग्लास में डालकर पीने गया।

## मुख्यमंत्री की पत्नी क्षेत्र की समस्याओं से हुईं अवगत

# कौशल्या साय पहुंचीं सन्ना पंडा धाम, गुरु मंगन बाबा के कार्यक्रम में हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय शनिवार को खुड़िया रानी स्थित पंडा धाम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन सती सेवा मानव विकास समिति द्वारा किया गया, जिसमें प्रमुख संत मंगन बाबा ने धर्म और समाज को लेकर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और धाम दर्शन से हुई। गुरु मंगन बाबा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म को बचाने के लिए सामाजिक एकता और जागरूकता अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धर्म और संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य करते हैं। धार्मिक अनुष्ठान के बाद कौशल्या साय ने गुरुजी से आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों से भेंटकर उनकी बातों को सुना।





### जनपद सदस्य ने रखीं क्षेत्र की समस्याएं

कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य राकेश गुप्ता ने किया। गुप्ता ने बताया कि सन्ना क्षेत्र में पूर्व सांसद विष्णुदेव साय द्वारा कई सामुदायिक भवन स्वीकृत किए थे, जिनका निर्माण आज क्षेत्र की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब जब विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री हैं, तो सन्ना क्षेत्र को और भी अधिक विकास की अपेक्षा है। उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी स्थानीय समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया।

### प्रदेश का नेतृत्व करना गौरव की बात

राकेश ने कहा, "यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि जिस व्यक्ति ने सन्ना क्षेत्र को संसदीय योजनाओं से लाभान्वित किया, वही अब प्रदेश का नेतृत्व कर रहा है। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह क्षेत्र भी विकास के नए मुकाम हासिल करेगा।

### गुरु मंगन बाबा ने दिया संदेश

इस कार्यक्रम में श्रीमती साय सन्ना के पंडा धाम भी पहुंचीं, जहां सती सेवा मानव विकास समिति द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में उन्होंने हिस्सा लिया। गुरु मंगन बाबा के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। गुरु बाबा ने कहा, हिंदू धर्म की रक्षा सेवा, संयम और जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने श्रीमती साय के आगमन को क्षेत्र के लिए शुभ संकेत बताया।

### ग्रामीणों में जगी उम्मीद

उन्होंने कहा अब हमारी बात राजधानी तक पहुंचेगी कौसल्या साय के आश्वासन के बाद ग्रामीणों में उत्साह है। लोगों का कहना है कि अब तक कई बार निवेदन किया गया, लेकिन पहली बार हमारी आवाज किसी प्रभावशाली मंच पर पहुंची है। अब हमें विश्वास है कि संचार टॉवर जल्द लगेगा और हमारे गांव भी डिजिटल युग से जुड़ेंगे।

## किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब की बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



फरसाबहार थाना पुलिस ने ग्राम खुटगांव निवासी पंकज कुमार 43 वर्ष को किराना दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 24 लीटर अवैध शराब जब्त किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 9 हजार 6 सौ रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि ग्राम खुटगांव में एक व्यक्ति किराना दुकान की आड़ में शराब का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक भगत ने इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को दी। एसएसपी के दिशा-निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित कर रेड डाली गई।

### घर के आंगन से मिला शराब का जखीरा

पुलिस ने जब आरोपी पंकज कुमार के घर और दुकान की तलाशी ली, तो घर के आंगन में एक कार्टून और सफेद प्लास्टिक की जरकिन में मिली। जांच में कुल 18 बोतल शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी पंकज कुमार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### बख्शे नहीं जाएंगे माफिया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त अभियान ऑपरेशन आघात चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया, पुलिस का मुखबिरी तंत्र सक्रिय किया गया है और जो भी व्यक्ति अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाया जाएगा, उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## सुशासन तिहार 2025 : नागरिकों की मांगों शिकायतों का किया जा रहा निराकरण

**जशपुरनगर ।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला अतंर्गत सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त हुई मांगों और शिकायतों को सभी विभागों द्वारा प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में क्रेडा विभाग द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों को चरणबद्ध तरीके से निराकरण की कार्रवाई की जा रही है और आवेदकों को उनके दिए गए आवेदन पर की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जा रहा है। क्रेड़ा विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि बगीचा विकासखण्ड के एकम्बा निवासी प्रतिमा टोप्पो द्वारा ग्राम एकम्बा में सोलर ड्यूल पंप के अकार्यशील होने की सूचना दी थी। विभाग द्वारा 29 अप्रैल को कलस्टर



टेक्निशियन द्वारा नया पंप का स्थापना कर संयंत्र को पूर्ण रूप से कार्यशील किया गया है और इसकी सूचना संबंधित आवेदक को दे दी गई है।

## पंडरीपानी व गम्हरिया में व्यायाम शाला शुरु

**जशपुर।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण के द्वारा व्यायाम शाला योजना का शुभारंभ ग्राम पंडरीपानी और गम्हरिया में किया गया। जिसके लिए शुरुवाती दौर में नौ गांवों के लिए व्यायाम सामग्री उपकरणों को बांटा गया। जिससे गांवों के सभी नव युवक उन सामग्री उपकरणों का उपयोग कर अपने शरीर को स्वस्थ, रोगमुक्त, शारीरिक विकास कर अपने उज्जवल भविष्य के ओर बढ़ सके। और आने वाले समय में एक अच्छे पद प्रतिष्ठा प्राप्त कर सके। सभी युवाओं को मिलकर संगठित होकर व्यायाम शाला का लाभ ले और सभी को इसकी ओर प्रेरित करे।

जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत ने कहा कि आज सभी युवा अपने दैनिक जीवन में खेल व शारीरिक व्यायाम से कहीं न कहीं दूर होते जा रहे हैं। और युवक मोबाइल में ज्यादा समय व्यतीत कर रहे। जिससे उनके स्वास्थ्य ख़राब, शारीरिक विकास न होना, थकावट, मानसिक तनाव जैसे दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। युवा पीढ़ी व्यायाम शाला में सभी प्रकार के सामग्रियों उपकरणों का उपयोग कर अपने उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकते है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। साथ में गए व्यायाम ट्रेनर प्रदीप ने बारी बारी कर प्रत्येक उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाता है, इसका क्या लाभ होगा बताया व करके दिखाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री रविन्द्र नाथ शिखर, जनपद पंचायत जशपुर अध्यक्ष गंगा राम भगत, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, व्यायाम ट्रेनर प्रदीप न्यूरेथी, मलखान ट्रेनर महेश कुमार, विलियम कुजूर व कल्याण आश्रम कार्यकर्ता और ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।





## दिव्यांग कमला को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत पोड़ी निवासी कमला बाई के परेशानी का सुशासन तिहार में निराकरण हो गया । कमला बाई सुशासन ने तिहार आवेदन कर अवागमन में परेशानी का उल्लेख करके मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय किए जाने हेतु मांगी रखी थी और उनके आवेदन का निराकरण जिला पचायत जशपुर में राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय किया गया। कमला ने मोटराइज्ड साइकिल मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि अब उनकी आवगमन व पेंशन की परेशानी खत्म हो गयी। उन्हें दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ भी शासन से मिलता है। सुशासन तिहार के कार्यक्रम में उनकी परेशानी का निराकरण कम समय में हो गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर शिक्षक की मौत



**सीतापुर।** विक्षोभ की सक्रियता से हुई बारिश का सार पूरे सरगुजा में देखने को मिला। गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं बारिश के साथ आसमान से आफत भी गिरी। तेज बारिश से बचने के लिए होटल के शेड के नीचे खड़े शिक्षक की गाज की चपेट में आकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम केसला निवासी 47 वर्षीय हरीश एक्का आ.रघुवीर एक्का मैनपाट के कुनकुरी माध्यमिक शाला में पदस्थ थे। शिक्षक हरीश ग्राम जशपुर जिले के ग्राम तमता में रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। शनिवार को रिस्तेदारी से वापस लौटते समय अचानक ही मौसम में बदलाव हुआ और बारिश शुरू हो गई। इस बारिश से बचने के लिए शिक्षक हरीश कुमार ग्राम राजौटी में त्रिकोण चौक पर बंद पड़े होटल के शेड के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली उनपर गिर गई। गाज की चपेट में आए शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन के साथ ही शिक्षकों में मातम पसर गया है। हालांकि परिजन संतुष्टि के लिए शिक्षक को पुनः जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए।

### बाल बाल बचे 5 लोग

बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर बंद पड़े होटल के नीचे शिक्षक समेत कुल छह लोग मौजूद थे लेकिन आकाशीय बिजली की चपेट में सिर्फ शिक्षक ही आए जबकि 5 लोग बाल बाल बच गए। लोगों का कहना है कि घटना के दौरान शिक्षक मोबाइल फोन चला रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि मोबाइल फोन चलाने के कारण यह घटना हुई।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**अम्बिकापुर।** तेज गरज चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी निवासी कामेश्वर आ लोहरू व गांव के ही समुद आ शिवराम के मवेशी चुकनडांड पारा में चारा खा रहे थे। इसी दौरान दोपहर को अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश होने पर दोनों मवेशी पेड़ के नीचे खड़े थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों मवेशी चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों किसानों ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## एनएच 43 पर पिकअप से टकराकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर





एनएच 43 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एनएच पर लगातार अलग अलग घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई। इस बीच देर शाम प्रतापगढ़ में पिकअप से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक भाई की शादी के मंडप उपरान्त अपनी साली को ससुराल में छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहा था। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ज कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके सतह ही घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम उलकिया अंतर्गत ग्राम बरबचला निवासी 33 वर्षीय सुलेश मांझी आ.संतराम मांझी के घर उसके छोटे भैया की शादी थी। शुक्रवार को शादी के मंडप कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेहमान आए हुए थे। शाम को मंडप कार्यक्रम के बाद युवक सुलेश मांझी अपनी साली को घर छोड़ने के लिए बाइक से अपने ससुराल ग्राम कतकालो डूमरपारा गया हुआ था। साली को ससुराल छोड़कर वापस घर लौटते समय ग्राम प्रतापगढ़ में युवक सड़क किनारे पिकअप से टकरा गया। युवक के बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर के बाद सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान युवक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। यदि युवक ने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया और शनिवार की सुबह शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

पुलिस द्वारा मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

वहीं इस घटना के बाद मृत युवक के परिजन को श्रधांजलि योजना के तहत ग्राम पंचायत उलकिया की ओर से दो हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई। सचिव संजय पांडेय ने बताया कि शासन की श्रद्धांजलि योजना के तहत मृतक के अंतिम संस्कार हेतु परिवार को दो हजार की सहायता राशि दी जाती हैं।

### क्षेत्र में शोक का माहौल

सड़क दुर्घटना में मृत युवक सुलेश मांझी के घर मे शादी की वजह से माहौल काफी खुशनुमा था। मृतक के छोटे भाई मुकेश मांझी की शादी की वजह से घर मे काफी चहल पहल थी। इस घटना की खबर लगते ही मृतक के घर मे सन्नाटा छा गया। पलभर में ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले युवक के घर मे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस घटना के बाद से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है वही मृतक की दो बेटियों के सिर से हमेशा के लिए बाप का साया उठ गया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया है।

## जल संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम के 32 वें दिन भितघरा में आयोजन

# जल संरक्षण की नई पहल जल जागृति जशपुर : पद्मश्री जागेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जल जागृति जशपुर के अंतर्गत जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के 32वें दिन का आयोजन जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम पंचायत भितघरा में किया गया।

पद्मश्री जागेश्वर यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा जल जागृति जशपुर अंतर्गत 32 दिवसीय जल जागरूकता कार्यक्रम पानी बचाने हेतु जिला प्रशासन की नई पहल है। आज का यह कार्यक्रम जल जागृति का समापन कार्यक्रम नहीं अपितु जल बचाने की शुरुआत का दिन है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने भविष्य के लिए पानी बचाए। प्रकृति निःस्वार्थ भाव से हमें अपने अनमोल धरोहर देती है पर हम सभी अपने अपने स्वार्थ के अनुरूप इसका दोहन कर रहे है पानी इसमें सबसे महत्वपूर्ण है, जिसके बिना इस पृथ्वी की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम जल और प्रकृति की रक्षा करे। जागरूकता अभियान के माध्यम से जल संरक्षण हेतु प्रशासन ने पहल की है अब हम सभी को





मिलकर इसे आगे ले जाना है और जशपुर में जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना है। जल बचाने की शुरुवात हमें अपने घर से करना चाहिए। जल आज की बहुत बड़ी आवश्यकता है, आने वाली पीढ़ी के लिए हमें अधिक से अधिक जल बचाना जरूरी है। वाटर हीरो नीरज वानखड़े ने विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से जल संरक्षण के उपायों को समझाया। विभिन्न खेल गतिविधियों के द्वारा जल बचाने के लिए लोगों से आग्रह किया। उपस्थित लोगों से संवाद के माध्यम से जल बचाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रत्यक्ष संवाद व लोगों की भागीदारी तथा विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से रोचक जानकारी देते हुए जल संरक्षण के महत्व को सरल तरीके से विस्तृत रूप से समझाया। मोनिका टोप्पो जिला पंचायत सदस्य और अरविंद गुप्ता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने सभी से जल बचाने का आह्वान किया उपस्थित लोगों को जल बचाने और पौधरोपण करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी को जल संरक्षण के लिए आगे आने हेतु कहा। जल हमारे जीवन के लिए अभिन्न अंग है। अगर हमें अपने भावी पीढ़ी के लिए जल बचाना है तो हमें अभी से जल बचाना होगा। ये केवल एक व्यक्ति से संभव नहीं है हम सभी को मिलकर सम्मिलित प्रयास से जल बचाना है।जल बचाने की शुरुआत हमे अपने घर से करना है। कार्यक्रम में पद्मश्री जागेश्वर यादव, मोनिका टोप्पो जिला पंचायत सदस्य, अरविंद गुप्ता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बगीचा, शांति नन्दन तिर्की, दीपक एक्का व भारत गुप्ता जनपद सदस्य बगीचा, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत जशपुर, अनुविभागीय अधिकारी ग्रायांसे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बगीचा, डिप्टी रेंजर वन विभाग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत बगीचा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एन आर एल एम बगीचा, विभिन्न ग्राम पंचायतों भितघरा, टांगरडीह, गुरमहाकोना, कुटमा, सुतरी, रेंगले, जुरुडांड, कलिया, बुटंगा, साहीडांड, सरबकोंबो, पंडरीपानी, रनपुर, कुदमुरा, करमा, तंबाकछार, रमसमा, बच्छराव, गायलूंगा के सरपंच, सचिव, पंच, रोजगार सहायक, स्व सहायता समूह की दीदियां, आसपास के गांवों के 1000 से अधिक संख्या में ग्रामीणजन व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक, आरएचओ व नर्सिंग स्टाफ

■ वेतन रोकने के साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश, देर शाम पहुंचे थे सीएचसी उदयपुर

**अम्बिकापुर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ ही कमियों को दुरुस्त करने के उद्देश्य से संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं और सीएमएचओ ने सीएचसी उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बड़ी लापरवाही और गड़बड़ी सामने आई।

अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, आरएचओ बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में जेडी ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए बगैर किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। बता दें कि हाल ही में सीएचसी उदयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने छापा मारा था। एसीबी ने उदयपुर सीएचसी में पदस्थ लेखपाल और संगणक को यात्रा भत्ता बिल का भुगतान करने के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था जिसके बाद शुक्रवार की देर शाम संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला और सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स अंजना भगत, अंजली एक्का, कुमारी सुनीता भगत, रेडियोग्राफर बालेश्वर यादव बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से विगत दो दिनों से अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही आरएचओ सचिन और नीलमनी तिर्की भी बिना किसी सूचना के एक दिन अनुपस्थित पाए गए जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सक, स्टाफ नर्स, रेडियोग्राफर और आरएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जेडी डॉ. शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने और चिकित्सक के स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

4-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/4/2025 7:55 PM Page 1





# अजय देवगन से हिला बॉक्स ऑफिस...

**मुंबई।** अजय देवगन की 'रेड 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर दोहरे अंकों में ओपनिंग दर्ज की। सफल फ्रैंचाइज का हिस्सा रही इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर करीब 18 करोड़ रुपये की कमाई की। 'रेड 2' को ओपनिंग डे पर मजदूर दिवस की छुट्टी का सहारा मिला। रिपोर्ट के मुताबिक अजय देवगन की मूवी ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड 40.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। जल्द ही यह 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। शुक्रवार, 02 मई 2025 को रेड 2 की कुल हिंदी ऑक्यूपेंसी 19.23 प्रतिशत थी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## 'अधिक गोरी' नहीं होने के कारण रिजेक्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने सनसनीखेज खुलासा किया है कि एक नामी टेलकम पाउडर बनाने वाली कंपनी ने उनके स्किन के कलर को लेकर उन्हें रिजेक्ट किया था। चित्रांगदा सिंह ने हजारों ख्वाहिशें ऐसी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी।

चित्रांगदा सिंह को हाल ही में फिल्म गैसलाइट में देखा गया है। यह एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके अलावा सारा अली खान और विक्रांत मेस्सी की अहम भूमिका है। उन्होंने 2005 में आई फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से डेब्यू किया था। इसके पहले उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने अपनी जर्नी के बारे में बात की है। चित्रांगदा सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें एक बड़ी टेलकम पाउडर ब्रांड ने रिजेक्ट किया था। वह कहती हैं, मैं म्यूजिक वीडियो करती थी लेकिन मुझे एक बड़े टेलकम पाउडर कंपनी ने अधिक गोरी नहीं होने के कारण रिजेक्ट कर दिया था। तब मैंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और मुझे लगा कि मुझमें वह बात नहीं है और तभी मुझे फिल्म का ऑफर आया। तब मुझे लगा कि यह अच्छी बात है। उन्हें लग रहा है कि मैं अच्छा काम करूंगी और मैंने देखा कि कई लोगों ने उस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था तो अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो उस वक्त मैं वाकई फिल्म करना चाहती थी। चित्रांगदा सिंह ने यह भी कहा कि जब वह फिल्म कर रही थी, तब उन्होंने यही सोचा कि यह सुधीर मिश्रा की फिल्म है। इसके अलावा वह और कुछ नहीं सोच रही थी।



हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' की सीन पर बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।



# उसने मेरा साथ..., छलके मिरियम हेली के आंसू...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के पूर्व दिग्गज निर्माता हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न के मुकदमे में एक पीड़िता ने कोर्ट में भावुक होकर अपना पक्ष रखा। 48 वर्षीय मिरियम हेली ने शुक्रवार को गवाही देते हुए कहा, उसने मुझ पर हमला किया, मैंने नहीं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह मामला करीब दो दशक पुराना है, जिसमें हेली ने वीनस्टीन पर जबरन यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क की अदालत में वीनस्टीन के खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चल रहा है। इस मामले में हेली पहली गवाही देने वाली पीड़िता हैं। उन्होंने चौथे दिन गवाही दी। इस दौरान वीनस्टीन के वकील जेनिफर बोनजीन ने उनसे कड़े सवाल किए, जिससे हेली भावुक हो गईं। वकील ने पूछा कि क्या हेली की सहमति से यह सब हुआ था।



# बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने से रोई थीं

**मुंबई।** अनुष्का शर्मा बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक मानी जाती है। हाल में एक्ट्रेस ने अपना 37वां जन्मदिन मनाया। अनुष्का शर्मा ने 2008 में फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियो में अनुष्का ने बताया की जब उनको फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने पर उनको कैसा लगा था। 2018 में एक इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया था कि, उन्हें पूरा भरोसा था कि वो फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड जीतेंगी। लेकिन उस साल यह अवॉर्ड आमिर खान की फिल्म 'गजनी' की एक्ट्रेस आसिन को मिला था। अवॉर्ड न मिलने से वह बहुत दुखी और परेशान हो गई थीं।




# ठंडे बस्ते में गई सल्लू की गंगा राम...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 'सिकंदर' के बाद से अपनी नई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हैं। खबर थी कि वह 'गंगा राम' नाम की फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म 'गंगा राम' को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस फैसले के पीछे उनके फैंस की नाराजगी और चिंता है, जिन्होंने फिल्म की घोषणा के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। 'गंगा राम' में सलमान खान के साथ संजय दत्त मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थे और इस फिल्म को नए डायरेक्टर कृष अहिर निर्देशित करने वाले थे, लेकिन जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई, सलमान के फैंस ने इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।

टीवी मसाला



# 'मेरी मां को रेप की धमकियां मिली', अपूर्वा का छलका दर्द

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में अपने आपत्तिजनक बयान की वजह से विवादों में घिरी अपूर्वा मुखीजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने खुलासा किया कि इस विवाद को उनके साथ उनके परिवार पर भी गहरा असर पड़ा। उन्होंने बताया कि कैसे अचानक वायरल होने के बाद अजनबी लोग उनके माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच गए और उनके बुरा बर्ताव करने लगें। इसके चलते उनकी मां की तबीयत भी बिगड़ गई। अपूर्वा मुखीजा ने युवा से कहा, 'लोगों ने मेरे माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट खोज लिए। मेरी मां का अकाउंट पब्लिक था और जब यह सब हो रहा था, तो पहले दो दिनों तक मैं केवल अपने बारे में सोच रही थी। अपूर्वा ने कहा, 'मेरी मां को बहुत सारे अपशब्द और रेप की धमकियां मिलीं। मुझे तीन दिन तक पता नहीं चला। मैंने अपने भाई को फोन किया और उसने मुझे बताया कि मां का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।

## सना मकबूल बोलीं- मेरी मर्जी मैं चाहे जैसी दिखूं...

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की विनर सना मकबूल के फैन पेज द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिनेत्री ट्रोलर्स को करारा जवाब देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बढ़े हुए वजन को लेकर बॉडी शेम किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। वीडियो में उन्होंने साझा किया कि शायद लोगों को नहीं पता कि वह किस दौर से गुजर रही हैं। वीडियो पर गुरुवार 1 मई का तारीख भी लिखी है। वायरल हो रहे वीडियो में सना को कहते हुए सुना जा सकता है, 'हाय दोस्तों, आप में से बहुत से लोग मुझसे कह रहे हैं कि मेरा वजन बढ़ गया है। गाल भर गए हैं। सच कहूं तो पहले इस बात का फर्क पड़ता था, लेकिन अब फर्क नहीं पड़ता। मेरी बॉडी है। मैं चाहे जैसी भी लगूं, जैसा भी हो यह मेरा शरीर है। यह मेरी मर्जी है कि मैं कैसी दिखूं। मुझे लगता है कि मैं शानदार दिखती हूं। मैं शानदार हूं।'



# 'चीजें थाली में सजा कर नहीं मिलती'



**मुंबई।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानी वेव्स समिट का आगाज मायानगरी मुंबई में एक मई को हुआ। इस समिट का आगाज पीएम मोदी ने किया। इसमें फिल्मी दुनिया से जुड़े तमाम बड़ी हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी समिट में हिस्सा लिया और फिल्म इंडस्ट्री में इनसाइडर और आउटसाइडर यानी अंदर से जुड़े लोगों और बाहर से आए नए कलाकारों के बीच के फर्क पर खुलकर बात की। वेव्स 2025 सम्मेलन के दौरान शाहरुख खान ने कहा, मैं एक बात साफ करना चाहता हूं 'भूख' एक बहुत बड़ा शब्द है। मुझे इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच बनाए गए भेद से दिक्कत है। शाहरुख की यह बात एक गहरी और समझदारी भरी चर्चा की शुरुआत थी। उनके शब्द सीधे दिल को छूने वाले थे।

## सेल्फी ना लेने पर ट्रोल हुए अल्लू



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता अल्लू अर्जुन एक प्रशंसक के साथ सेल्फी लेने से इनकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद यूजर्स ने उनके इस रवैये के लिए अभिनेता की आलोचना करनी शुरू कर दी। दरअसल, शुक्रवार को अल्लू अर्जुन 'वेव्स 2025' में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले उनके एक प्रशंसक ने उनके सेल्फी के लिए अनुरोध किया। हालांकि, अभिनेता उसके साथ फोटो लेने के लिए नहीं रुके। बल्कि उसके कंधे पर हाथ थपथपाते हुए चले गए। उनके सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा भी फैन को हटने का इशारा करते हुए देखा गया।अभिनेता का यह रवैया सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया।

# फुलेरा में सज गया चुनावी मैदान होगा जोरदार घमासान...



**मुंबई।** फुलेरा गांव की 'पंचायत' वापस आ रही है। प्राइम वीडियो के पसंदीदा शो 'पंचायत' के चौथे सीजन का टीजर आज जारी हो गया है। जो इस बात की झलक दिखाता है कि इस बार फुलेरा में प्रधानी का चुनाव होने जा रहा है। प्रधान जी के सामने एक बार फिर भूषण यानी कि बनराकस चुनौती बनकर खड़ा है। अब चुनाव का नतीजा क्या रहता है और क्या भूषण प्रधान जी पर भारी पड़ेगा, ये 2 जुलाई को ही पता चलेगा। प्राइम वीडियो की ओर से इस टीजर को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया है। टीजर की शुरूआत होती है एक वॉइस ओवर और पंचायत के कुछ सीन के साथ। वॉइस ओवर में कहा जाता है, "भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और इस लोकतंत्र का एक छोटा सा हिस्सा है हमारा फुलेरा गांव। जहां इस साल होगा बड़ा घमासान, जब इलेक्शन में लड़ बैठेंगे हमारे प्रधान जी और भूषण। आइयेगा जरूर हमारे फुलेरा का चुनाव देखने।"

## इस बार थीम है 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'

# कल सजेगी मेट गाला की महफिल, 76 साल पहले हुई थी शुरुआत

*लॉस एंजिलिस। फैशन की सबसे बड़ी शाम और सबसे बड़े फैशन शो मेट गाला में शिरकत करना हर सेलेब्रिटी के लिए एक उपलब्धि की बात होती है। हर साल की तरह इस बार भी मेट गाला वापस आ रहा है। 5 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में एक बार फिर से मेट गाला की महफिल सजने वाली है। दुनिया भर की मशहूर हस्तियां और डिजाइनर अपनी थीम के अलग-अलग पोशाकों में नजर आएंगे। जानते हैं मेट गाला की इस बार की थीम के बारे में और इसमें कौन-कौन हस्तियां होंगी शामिल।*

***1948 में हुई मेट गाला की शुरूआत :*** सबसे पहले जिनको नहीं पता उन्हें ये बता दें कि मेट गाला है क्या और इसकी शुरूआत कबसे हुई। मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत साल 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी।



***कौन करता है मेट गाला की थीम का चयन :*** मेट गाला का आयोजन और इसकी अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ अन्ना विंटोर साल 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन इसी दिन पर किया जा रहा है। वहीं मेट गाला की थीम का चयन भी एना विंटोर ही करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है।

### मेट गाला 2025 की थीम

इस बार मेट गाला 2025 की थीम 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है, जो फैशन के जरिए ब्लैक आइडेंटिटी की अहमियत को दिखाएगा। जबकि इस बार ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' रखा गया है, जिसमें मेन्स वियर और सूटिंग पर ध्यान दिया जाएगा। इस बार की थीम मोनिका एल. मिलर की 2009 की किताब 'स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी' से प्रेरित है।

### दुनियाभर की इन दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद

मेट गाला में सबकी नजरें टिकी होती हैं इसकी गेस्ट लिस्ट पर। हर कोई ये जानना चाहता है कि मेट गाला में कौन-कौन गेस्ट शामिल होंगे। इस बार की भी लिस्ट जो सामने आ रही है, उसमें दुनियाभर की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। अब तक सामने आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार रेड कार्पेट पर जो हस्तियां शामिल होंगी, उनमें जॉय किंग, मिरांडा केर, क्लो सेविग्नी, क्लैरो और एम्मा चेम्बरलेन के नाम शामिल हैं। इसके अलावा हॉलीवुड से निकोल किडमैन और जो सलदाना, मोनिका बारबरो, डैमसन इदरीस और मैल्कम वाशिंगटन के भी मेट गाला 2025 में शिरकत करने की उम्मीद है। साथ ही टर्नर-स्मिथ, जैनिक्जा ब्रावो और मॉडल उगबाद अब्दी भी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

**खबर संक्षेप**

## जल मिशन का काम देखने पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज खरसिया विकासखंड में विकास कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव साथ रहे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने टेमटेमा गांव में जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक निर्माण व पाइप लाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यहां जल जीवन मिशन का काम पूरा हो चुका है और ट्रायल फेस चल रहा है। यह पूरा होने के पश्चात ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हितग्राहियों के घरों तक पानी सप्लाई के बारे में जानकारी ली, बताया गया कि नल से जल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने ट्रायल पूरा कर संचालन पंचायत को हेड ओवर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने चोढा स्थित पूर्व एकलव्य विद्यालय और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। वर्तमान में नए भवन के साथ यह संस्था छर्राटांगर में संचालित है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इस भवन का उपयोग किसी अन्य संस्थान के लिए करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यहां निर्माणाधीन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवनों का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निरीक्षण के दौरान खरसिया से छाल सड़क निर्माण का मुआयना किया। उन्होंने इस रोड पर पूर्ण हो चुके और लंबित कार्य की जानकारी ली और काम कर रहे ठेकेदार को काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी काम करने के लिए अनुकूल मौसम है इसका लाभ लेते हुए निर्माण कार्य जल्द पूरा करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने चपले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

## जातिगत जनगणना का सर्वे ऐतिहासिक : अरूणधर



**रायगढ़।** जाति जनगणना करवाए जाने के निर्णय को मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय निरूपित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा 1931 के दौरान ब्रिटिश सरकार ने जाति जनगणना करवाई आजादी के बाद सात दशकों तक कांग्रेस का देश में शासन रहा अपनी कुर्सी असुरक्षित देखकर तत्काल आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस जाति जनगणना की याद नहीं आई। सत्ता जाते ही कांग्रेस ने लोगों को विभाजित करने के उद्देश्य से जाति जनगणना की मांग उठाई। 2014 में सत्ता में आते ही मोदी सरकार द्वारा देश हित में बहुत से फैसले लिए गए जिससे भारत विश्व शक्ति बनकर उबरा। स्व. राजीव गांधी ने अल्पसंख्यकों खुश करने के लिए शाह बानो में मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटा और वही विवादास्पद बाबरी मस्जिद में मौजूद मंदिर के ताले दिखावे ले लिए खोले कर राम मंदिर के मसले में ठोस निर्णय नहीं लिया और देश में खून खराबे की स्थिति पैदा कर दी। वहीं मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही राम मंदिर को लेकर सभी पक्षों को सुनवाई का मौका दिया और सुखद माहौल में राममंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## आधार कार्ड में पता परिवर्तित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार मे फर्जी तरीके से आधार कार्ड में पता परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले पश्चिम बंगाल के युवक को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में या जानकारी मिली कि ग्राम कोटमीसोनार की सरपंच रेखा सोनी ने बताया कि उनके घर एक व्यक्ति आया और अपना परिचय सोनू यादव स्टेशन पारा कोटमीसोनार का होना बताया जो अपने एवं अपनी पत्नि के आधार कार्ड में पता परिवर्तन के फार्म में सील व हस्ताक्षर करने लाया था। पूछताछ करने पर बताया कि वह बचपन से दिल्ली में रहा है। वहीं पूजा यादव से शादी करना बताया। शासन प्रशासन को धोखा देने की नियत से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर कुटरचना की लिखित रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 319(2),336(2),336(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### 2 साल में एक भी ट्रेन समय पर नहीं पहुंची, यात्रियों को हो रही परेशानी

# रोजाना चलने वाली ट्रेनों की बिगड़ी चाल, आठ घंटे तक हो रहा विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें हर रोज अपने विलंब से पहुंच रही हैं। स्थिति यह है कि बीते करीब दो साल से लगातार ट्रेनों का समय बिगड़ा हुआ है। जबकि दूसरी ओर इसी समयावधि में मालगाड़ियों के परिचालन में वृद्धि देखी गई है। प्रतिदिन चलने वाली यात्री ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 1 से 6 घंटे तक विलंब से पहुंच रही हैं।

रायगढ़ रेलवे स्टेशन मुंबई-हावड़ा रूट पर स्थित होने की वजह से यहां से कई महत्वपूर्ण ट्रेनें गुजरती हैं, जो मुख्य शहरों को आपस में जोड़ती हैं। जिसकी वजह से व्यापार की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। किंतु बीते करीब दो सालों से यह देखने को मिल रहा है कि इस रूट पर चलने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी विलंब पहुंच रही हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर एक ओर जहां रेलवे यात्री ट्रेनों की गति बढ़ाने के लाखों जतन कर रहा है तो इसी बीच इन ट्रेनों की गति बढ़ने के अलावा और घट रही है। यात्री ट्रेनों के रोजाना विलंब होने के एक कारण मालगाड़ियों के परिचालन को भी माना जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में मालगाड़ियों के परिचालन में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर यात्री ट्रेनों के निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुंच को लेकर रेलवे प्रबंधन काम जरूर कर रहा है, किंतु इसका जमीनी स्तर पर असर नहीं दिख रहा है।

हालांकि इसकी वजह से रेलवे में चल रहे अधोसरंचना कार्यो को भी माना जा रहा है, जिसकी वजह से ट्रेनें विलंब से पहुंच रही हैं। किंतु इसी बीच यात्रियों की समस्यायों का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्हें अपने ट्रेनों के इंतजार में कई घंटे स्टेशन में ही गुजारने पड़ रहे हैं।




### शाम को आ रही सुबह की ट्रेन

रेलवे से ही प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसा कई बार देखने को मिल रहा है कि लंबी दूरी की कुछ ट्रेनें जैसे मुंबई हावड़ा, आजाद हिन्द, अहमदाबाद आदि अपने निर्धारित समय से 8 से 12 घंटे विलंब से स्टेशन पहुंच रही है। चुंकि ट्रेन के अपने आरंभिक स्टेशन से रवानगी के समय विलंब से छूटने के कारण गंतव्य में भी विलंब से पहुंच रही है, जिसकी वजह से अलगे कई दिनों तक यही हाल बना रहता है। ऐसी स्थिति में कई बार सुबह आने वाली ट्रेनों को यहां आते-आते शाम हो जाता है।

### इन ट्रेनों का बिगड़ा समय

प्रतिदिन चलने वाली ट्रेनों में उत्कल, दक्षिण बिहार, आजाद हिन्द, अहमदाबाद, शालिमार, मुंबई हावड़ा आदि हैं जो अपने समय से करीब 2 घंटे से लेकर 8 घंटे तक विलंब से चल रही हैं। इसमें दक्षिण बिहार, उत्कल एक्सप्रेस, आजाद हिन्द आदि ट्रेनों की चाल काफी धीमी है। बीते दिनों मुंबई एलटीटी अपने निर्धारित समय से सबसे अधिक 8 घंटे तक विलंब से पहुंची।

## खंडहर में तब्दील हो रहे पुसौर क्षेत्र के सामुदायिक शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




पुसौर जनपद क्षेत्र में प्रायः प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर में शासन द्वारा बीते 5 वर्षो में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है जिसका उपयोग बनने के बाद से अब तक कभी भी किसी के द्वारा उपयोग में नहीं होने की बात कही जा रही है, चूंकि वहां सामुदायिक शौचालय भवन तो बन गए लेकिन वहां पानी की समुचित व्यवस्था नहीं रही और जहां है तो वहां के लोग एक दो बार उपयोग होने के बाद वह अब खंडहर हो चुका है।

ग्राम पंचायत गुड़ु, कोडपाली, पडिगांव सहित दर्जनों ग्रामों के सामुदायिक शौचालय भवन के दिवारों में तो दरार आ चुके हैं और वहां से दरवाजे खिड़किया भी गायब हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर जहां दरवाजे खिड़की व भवन ठीक है तो वहां पानी व्यवस्था नहीं है इसलिए लोग वहां ताश खेलते देखे गए हैं और वहां के स्थिति को देखते हुये यह तो तय है कि वहां शराबखोरी भी निश्चित ही होती होगी। शासन ने जीवन स्तर को सुरक्षित एवं सुविधाजनक रखने की नियत से सामुदायिक शौचालय की परिकल्पना की जिसमें प्रत्येक पंचायत में इसे निर्माण कराया गया लेकिन सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एजेंसी के साथ साथ संबंधित शासकीय अमला इसका समूचित व्यवस्था नाकामयाब रही जिससे यह स्थिति निर्मित है और इसमें वहां स्थानीय जनता की उदासीनता इस व्यवस्था में आग में घी का काम करते हुए सारे व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। स्वच्छता अभियान के बीच प्रत्येक घरों में शौचालय निर्माण करने के लिए जहां शासन द्वारा अनुदान मुहैया कराया गया वहीं गांव में आने जाने वाले लोगों के लिए आकस्मिक उपयोग हेतु सामुदायिक शौचालय को शासन ने स्थापित कराया जिसका उचित रख रखाव व निर्माण नहीं होने से आज की स्थिति में सामुदायिक शौचालय मात्र स्मृतिशेष ही रह गया है।

## अवैध शराब पर पुलिस की छापेमारी



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम पुसल्दा में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बलराम दास उर्फ बल्लू 36 वर्ष को 6 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी जंगल क्षेत्र में प्लास्टिक के जरिकेन में शराब छिपाकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बलराम दास को रंगे हाथों पकड़ा। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत 900 रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ थाना घरघोड़ा में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर नशीली दवाओं के अवैध बिक्री पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने औषधि नियंत्रण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अवैध नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि औषधि निरीक्षक लक्ष्य बनाकर प्रतिदिन मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिले में नए कानून के क्रियान्वयन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक संसाधनों की लिस्ट बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिले के उद्योगों में बाहर से आने वाले श्रमिकों की जानकारी नियमित अंतराल में उद्योगों से लेने एवं उसके सत्यापन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ठेकेदारों के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों की जानकारी न देने पर नोटिस जारी करने के निर्देश भी श्रम विभाग को दिए। आबकारी विभाग से अवैध मदिरा कार्यवाही की जानकारी ली, आबकारी विभाग ने बताया कि 913 लीटर से अधिक की देशी एवं विदेशी मदिरा जप्त की गई है एवं कार्यवाही लगातार जारी है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिले में विस्फोटक भंडारण की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को विस्फोटक भंडारण के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुविभागीय क्षेत्र में बिना लाइसेंस के विस्फोटक भंडारण पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई करें। इस दौरान उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। आगजनी के संबंध में उन्होंने जिला सेनानी को शहर एवं जिले के चिन्हांकित बड़े एवं ऊंचे भवनों का निरीक्षण करने एवं आग बुझाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच के निर्देश दिए।



■ जिले में नए कानून के क्रियान्वयन की तैयारियों संबंध में ली जानकारी

### नए नशा मुक्ति केंद्र के लिए प्रस्ताव करें तैयार

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि रायगढ़ शहर में एक नशा मुक्ति केंद्र है। जिस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि रायगढ़ शहर में ही नशा मुक्ति केंद्र होने से जिले भर के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि जिले के अन्य दूरस्थ ब्लॉक में भी नशा मुक्ति केंद्र प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव तैयार करें, ताकि इसका लाभ सुदूर क्षेत्र के लोगों को आसानी से मिल सकें।



## तेज अंधड़ के चलते कइयों के उड़े छप्पर

**पुसौर।** पिछले कुछ दिन के बीच चल रहे तेज हवा के कारण क्षेत्र के कईयों के घर के छप्पर उड़ जाने का तथ्य प्रकाश में आया है जिसमे अब तक किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई है लेकिन हवा पानी के जद में आये परिवार अस्त व्यस्त होते हुए देखे गए हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम तथा उसके पूर्व चले हवापानी के कारण जहां कई बिजली के तार टुटे, रोड स्थित बडे पेड टुटे वहीं पुसौर क्षेत्र के कई गांवों के कई घरों के छप्पर उड़ गये हैं ऐसे स्थिति में संबंधित हल्का पटवारी क्षेत्र का मुआयना करते हुए आर बी सी 6-4 के तहत प्रकरण बनाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## बारिश से पूर्व जलाशयों के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा करने के निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत रायगढ़ एवं पुसौर के विभिन्न जलाशय जीर्णोद्धार एवं जलद्वार निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जल संसाधन संभाग रायगढ़ के सियारपाली जलाशय के गहरीकरण मरम्मत एवं नहर लाईनिग कार्य का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों से काम की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बड़े हल्दी के जलाशय का गहरीकरण मरम्मत, बासनपाली, बाघाडोला, मनसाटार एवं सिहा के जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ठेकेदारों से निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए जून से पूर्व हेड स्लुस निर्माण, वेस्ट वियर मरम्मत व निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के दौरान जलाशयों में बेहतर जल संचय हो एवं इसका लाभ किसानों को मिल सके। रायगढ़ और पुसौर विकासखंड के 6 जलाशयों का 7.78 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। इनमें 1.25 करोड़ लागत से बड़े हल्दी जलाशय 1.48 करोड़ लागत से बाघाडोला जलाशय के जलद्वार निर्माण 1.45 करोड़ से बासनपाली जलाशय, 1.02 करोड़ से मंसाटार जलाशय का जीर्णोद्धार, 97 लाख से सिहा जलाशय का जलद्वार निर्माण और बांध मरम्मत कार्य तथा 1.59 करोड़ लागत से सियारपाली जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य शामिल है।

## पुसौर जनपद में 30 तक समाधान शिविर

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र में बीते समय में अलग अलग पंचायतों, जनपद मुख्यालय पुसौर के साथ साथ आनलाईन भी लोगों के आवेदन सुशासन तिहार कार्यक्रम में लिए गए थे, जिसकी संख्या 28756 बताई जाती है।

इन आवेदनों का लगातार निराकरण किया जा रहा है और इसके लिए शासन द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूचिदा में 5 मई को, कोड़ातराई 9 मई को छपोरा में 15 मई को, बडेहरदी में 21 मई को, सुपा में 26 मई को तथा गोतमा में 30 मई को समाधान शिविर आयोजित होगी। जिसमें संबंधित क्षेत्र के ग्राम पंचायत शामिल होंगे जिसकी संख्या 14 से 16 तक के ग्राम पंचायत आ सकते हैं।



# आज से शुरू होगा सुशासन तिहार का तीसरा चरण

**31 तक जिले में लगेंगे 79 समाधान शिविर**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में संवाद से समाधान की पहल के रूप में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। तीन चरणों में संपन्न होने वाले सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से प्रारंभ होगा जो 31 मई तक चलेगा। जिसमें सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस तीसरे चरण में रायगढ़ जिले में कुल 79 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। पहले दिन 5 मई को जिले के 12 स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन होगा। इसमें ग्रामीण के 05 एवं नगरीय क्षेत्र के 07 स्थानों पर शिविर लगेंगे।

सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक चलने वाले तीसरे चरण में जिले में कुल 79 समाधान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें 53 ग्रामीण एवं 26 नगरीय क्षेत्र शामिल हैं। इसमें विभागीय अधिकारी आवेदकों को प्राप्त आवेदनों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी देंगे, इसके अलावा नए आवेदन भी लिए जाएंगे। जिसका यथा संभव मौके पर निराकरण किया जाएगा।

समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं का लाभ ले सकें। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के तहत पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी एवं ऑनलाइन माध्यम से जन सामान्य से उनकी मांगों एवं समस्याओ से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे, इसके पश्चात दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का छटनी एवं स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन एवं भौतिक रूप से भेज कर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण दूसरे चरण में किया जा रहा है।

### स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण आज जिले के 05 ग्रामीण एवं 07 नगरीय क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से दोपहर 02 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत पुसौर के रुचिदा, खरसिया के तेलीकोट, लैलूंगा के कुंजारा, धरमजयगढ़ के छाल एवं तमनार के तमनार में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ में राजीव नगर सामुदायिक भवन, घरघोड़ा में गायत्री मंदिर प्रांगण, धरमजयगढ़ में मंगल भवन खेल मैदान के पास, लैलूंगा में सांस्कृतिक भवन, किरोड़ीमल नगर में आजाद चौक संस्कृतिक भवन, पुसौर के कार्यालय भवन एवं खरसिया के कंकुबाई धर्मशाला में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, 8 घंटे तक चला चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत किरारी अटल चौक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। मुआवजा मिलने पर 8 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 2 मई की रात विवेक मालाकार अपनी बाइक से किरारी की ओर आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में विवेक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाईश देने और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन